


# नव भारत

1934 से



## एक नजर में



### सुरक्षा बलों ने मणिपुर में किए 21 बंकर ध्वस्त

**उखरुल/टेंग्नोपाल, मणिपुर.** पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में सुरक्षा बलों ने एक बड़े अभियान के तहत उग्रवाद विरोधी कार्रवाई को तेज करते हुए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। उखरुल जिला और टेंग्नोपाल जिला में चलाए गए संयुक्त अभियानों में कुल 21 अवैध बंकरों को ध्वस्त किया गया, जबकि भारी मात्रा में विस्फोटक और हथियार बरामद किए गए हैं। सुरक्षा बलों ने बताया कि यह कार्रवाई हाल ही में एक बीएसएफ जवान की हत्या के बाद क्षेत्र में बढ़ाई गई सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा है।

### अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से होगी शुरू

**श्रीनगर.** अमरनाथ यात्रा की तारीखों का ऐलान कर दिया गया है. जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को बताया कि इस साल यात्रा 3 जुलाई से 28 अगस्त तक चलेगी. 57 दिन चलने वाली इस यात्रा के लिए जम्मू के भगवती नगर बेस कैम्प से पहला जत्था रवाना होगा. यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन 15 अप्रैल से शुरू होंगे. एलजी सिन्हा ने यात्रा की जानकारी देते हुए मीडिया को बताया कि 13 से 70 साल की उम्र वाले यह यात्रा कर सकते हैं. गुफा में पहली पूजा 19 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा पर की जाएगी.

### देश के जलाशयों में तेजी से घट रहा पानी

नई दिल्ली, 12 अप्रैल. देश के 166 बड़े जलाशयों में पानी का स्तर तेजी से गिर रहा है. केंद्रीय जल आयोग के अनुसार, इन जलाशयों में कुल स्टोरेज घटकर 82.02 अरब घन मीटर रह गया है, जो कुल क्षमता का सिर्फ 44.71 प्रतिशत है. एक्सपर्ट्स का मानना है कि अगर यही रफ्तार जारी रही तो आने वाले महीनों में गंभीर जल संकट पैदा हो सकता है. फरवरी का बाद से पानी तेजी से घट रहा है. दो महीने में ही इसमें 22 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है. इसमें गर्मियों में जल संकट की आशंका बढ़ गई है. ज्यादातर नदी बेसिन अब 30 प्रतिशत से 60 फीसदी क्षमता के बीच चल रहे हैं.

### हैती में भगदड़ से 30 लोगों की मौत

**पोर्ट-ऑ-प्रिंस.** हैती के सिटाडेल लाफेरियेर किले में एक वार्षिक समारोह के दौरान भगदड़ मचने से कम से कम 30 लोगों की मौत हो गई. कई लोग घायल बताए जा रहे हैं. यह घटना किले के एंट्री गेट के पास हुई. अधिकारियों के मुताबिक, ज्यादा भीड़ और अचानक हुई बारिश के कारण हालात बिगड़ गए. लोग एक साथ बाहर निकलने की कोशिश करने लगे, जिससे भगदड़ मच गई. हैती के कार्यवाहक प्रधानमंत्री एलिक्स डिडियर फिल्स-एमे ने घटना पर दुख जताया है. उन्होंने कहा कि सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है. उन्होंने बताया कि मौके पर कई युवा मौजूद थे. राहत और बचाव टीम मौके पर तैनात है.

## गुस्ताखी माफ





# अमेरिका-ईरान के बीच वार्ता टूटी

## अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने इस्लामाबाद में की प्रेस कॉन्फ्रेंस

**इस्लामाबाद, 12 अप्रैल. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच चली 21 घंटे लंबी गहन चर्चा बेनतीजा रही. अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी भेंस ने इस्लामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि हम खुले दिल से यहां आए थे, लेकिन अब हम बिना डील के अमेरिका लौट रहे हैं.**


उन्होंने कहा, गुड न्यूज यह है कि हमारी ईरानियों के साथ कई मुद्दों पर सार्थक चर्चाएं हुई हैं. लेकिन हम किसी समझौते तक नहीं पहुंच पाए और मेरा मानना है कि यह अमेरिका की तुलना में ईरान के लिए ज्यादा बुरी खबर है. उन्होंने अपनी ओर से फाइनल और बेस्ट ऑफर पेश कर दिया है, लेकिन ईरान ने फिलहाल अमेरिकी शर्तों को स्वीकार करने से इंकार कर दिया है.

बता दें, ईरानी प्रतिनिधिमंडल में कुल 71 लोग शामिल थे. ईरानी



डेलिगेशन में पार्लियामेंट स्पीकर मोहम्मद बाघेर गालिबफ और विदेश मंत्री अब्बास अराघची शामिल थे और वार्ता खत्म होने के बाद ये सभी पाकिस्तान से निकल गए हैं. वहीं ईरानी दूतावास ने अमेरिका-ईरान वार्ता को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, यूएस ने हर वो चीज मांगी जो वे जंग से हासिल नहीं कर सकते थे. ईरान ने पूरी तरह से ना कहा.

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने ईरान के राष्ट्रपति से की बात



**मास्को, 12 अप्रैल.** पाकिस्तान में ईरान-अमेरिका की वार्ता बेनतीजा होने की घोषणा के बाद रूस ने मध्यस्थताबनने की इच्छा जताई है. खुद रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने वार्ता बेनतीजा होने के बाद ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशिकयन से फोन पर बात की और ये ऑफर दिया. सूत्रों के अनुसार पुतिन ने कहा कि रूस मध्य पूर्व में शांति समझौते में सहयोग जारी रखने के लिए तैयार है. क्रेमलिन ने दोनों नेताओं की बातचीत का विवरण देते हुए बताया कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने संघर्ष के राजनीतिक और राजनयिक समाधान की खोज में और अधिक सहयोग देने तथा मध्य पूर्व में न्यायपूर्ण और स्थायी शांति प्राप्त करने के प्रयासों में मध्यस्थता करने की अपनी तत्परता पर जोर दिया.

### जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा : ईरान

अमेरिका-ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट पर बयानबाजी फिर तेज हो गई है. ईरान के उप संसद अध्यक्ष हाजी बाबाई ने कहा है कि यह स्ट्रेट ईरान के कंट्रोल में है. उन्होंने इसे तेहरान की रेड लाइन बताया और कहा कि यहां से गुजरने वाले जहाजों को ईरानी करेंसी रियाल में टोल देना होगा. इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया था कि अमेरिका इस रास्ते से बिछी बारूदी माइंस हटा रहा है. उन्होंने कहा था कि यह समुद्री रास्ता जल्द ही खुल जाएगा. अमेरिकी सेना ने भी दावा किया था कि उनके जहाज इस रास्ते से गुजर चुके हैं.

### अमेरिका होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों की नाकाबंदी करेगा

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि अमेरिकी नेवी अब होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की नाकाबंदी करेगी. उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि जो भी जहाज इस रास्ते से गुजरने की कोशिश करेगा, उसे रोका जाएगा और जांच की जाएगी.

### लेबनान में इजरायल के हमले से 11 की मौत

**बेरूत, 12 अप्रैल.** ईरान पर इजरायल और अमेरिका के हमले तो थम गए हैं, लेकिन दक्षिणी लेबनान में इजरायल के हमलों का सिलसिला जारी है. दक्षिणी लेबनान में रविवार को भी इजरायल के हमलों में कम से कम 11 लोगों की मौत की खबर सामने आई.

# खामोश हुई आशा की आवाज

## आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन

**11** बजे से होंगे अंतिम दर्शन

**04** बजे शाम शिवाजी पार्क में होगा अंतिम संस्कार



जन्म : 8 सितंबर 1933
मृत्यु : 12 अप्रैल 2026

**मुंबई, 12 अप्रैल.** सिंगर आशा भोसले का 92 साल की उम्र में निधन हो गया है. रविवार दोपहर मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली. उन्हें शनिवार शाम को यहां भर्ती किया गया था. हॉस्पिटल प्रबंधन ने बताया कि आशा ताई को कई मेडिकल समस्याएं थीं और मल्टी-ऑर्गन फेल्योर यानी कई अंग फेल होने के कारण उनका निधन हुआ. आशा ताई के बेटे आनंद भोसले ने बताया कि जो लोग अंतिम दर्शन करना चाहते हैं, वे सोमवार सुबह 11 बजे उनके घर आ सकते हैं. अंतिम संस्कार शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में किया जाएगा.

### बहुमुखी पार्श्व गायिकाओं में से एक थीं आशा भोसले



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महान गायिका आशा भोसले के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि आशा भोसले, भारत की सर्वाधिक प्रतिष्ठित और बहुमुखी पार्श्व गायिकाओं में से एक थीं. उन्होंने कहा कि दशकों तक उनके असाधारण संगीतमय सफर ने देश की सांस्कृतिक विरासत को समृद्ध किया. प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे उनके भावपूर्ण गीत हों या जीवंत रचनाएं, उनकी आवाज में एक शाश्वत चमक थी.

# एसआईआर पर सुनवाई आज

## बिहार में वोटर लिस्ट से 91 लाख नाम कटे थे

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल. पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले सुप्रीम कोर्ट सोमवार को एसआईआर पर सुनवाई करेगा. चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच मामले की सुनवाई करेगी.**

10 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह मतदाता सूची फ्रीज होने के खिलाफ नई याचिकाओं की एक साथ सुनवाई करेगा. इस दौरान सुप्रीम कोर्ट मालदा जिले में एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सात न्यायिक अधिकारियों के घेराव से जुड़े मामले में भी सुनवाई करेगा.

बता दें कि चुनाव आयोग ने 9 अप्रैल को बंगाल के लिए एसआईआर की सूची जारी की



थी. इसके बाद 91 लाख नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए थे. पश्चिम बंगाल में अक्टूबर 2025 में कुल वोटर 7.66 करोड़ थे. इनमें से अब तक 90.83 लाख नाम हटाए गए. लगभग 11.85 प्रतिशत वोटर कम हो गए. यानी अब राज्य में 6.76 करोड़ वोटर हैं. चुनाव आयोग ने फाइनल आंकड़े जारी नहीं किए हैं. इसके अलावा जांच के तहत आए 60.06 लाख वोटरों में से 27.16 लाख के नाम हटाए गए.

### पीएम मोदी आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल (वार्ता)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को राजधानी में राष्ट्रीय स्तर के नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करेंगे. यह सम्मेलन विज्ञान भवन में पूर्वाह्न 11 बजे रखा गया है. प्रधानमंत्री कार्यालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों की प्रख्यात हस्तियां और महिलाएं भाग लेंगी. इसमें सरकार, शिक्षा जगत, विज्ञान, खेल, उद्यमिता, मीडिया, सामाजिक कार्य और संस्कृति जैसे विभिन्न क्षेत्रों की अग्रणी महिलाएं शामिल होंगी. सितंबर 2023 में संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया , जो विधायी निकायों में महिलाओं के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है.

# बहनों का मोहन भैया हर सुख-दुख में उनके साथ

## छात्राओं से संवाद कर लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ की राशि की ट्रांसफर

**सीहोर. जिले के आष्टा में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दौरा कई मायनों में अहम रहा. हेलिकॉप्टर से आष्टा पहुंचने के बाद उन्होंने कन्नौज रोड मंडी गेट से रोड शो की शुरुआत की, जहां जगह-जगह नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से स्वागत किया. रोड शो सांदीपनी विद्यालय तक पहुंचा, जहां मुख्यमंत्री ने कक्षा में जाकर छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया.**

कार्यक्रम स्थल पर आयोजित महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए. मुख्यमंत्री ने मंच से प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख लाड़ली बहनों के खातों में एक क्लिक के जरिए



1836 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर की. इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार काम कर रही है और भैया मोहन हर सुख-दुख में बहनों के साथ है.

इसके साथ ही लगभग 69 करोड़ 60 लाख रुपये के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया गया। **(शेष पेज 12 पर)**

### 115 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण

मुख्यमंत्री ने करीब 115 करोड़ 32 लाख की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया. इनमें घनश्यामपुरा में आंगनबाड़ी भवन, पार्वती नदी पर घाट, जावर में नेवज नदी सुधार एवं पुलिया निर्माण, आष्टा व जावर के सांदीपनी विद्यालय भवन, सिद्धिकगंज उप तहसील कार्यालय, एसडीएम कार्यालय, मेहतवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और आष्टा-शुजालपुर मार्ग के पुल शामिल हैं.

# बिहार में नए सीएम चुनेंगे शिवराज सिंह



भारतीय जनता पार्टी ने बनाया केंद्रीय पर्यवेक्षक

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल (वार्ता)बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा सदस्य के तौर पर शपथ लेने के बाद राज्य में राजनीतिक हलचल तेज होने के बीच भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को रविवार को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी.**

भाजपा संसदीय बोर्ड ने चौहान को बिहार में पार्टी विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है. इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने आधिकारिक पत्र जारी कर यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि बिहार में विधायक दल के नेता के चयन की प्रक्रिया पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार पूरी की जाएगी. भाजपा के इस फैसले को बिहार में नई सरकार के गठन की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है.

### नीतीश कुमार कैबिनेट की आखिरी मीटिंग कल

**पटना, 12 अप्रैल.** बिहार में सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मंगलवार यानी 14 अप्रैल को पटना स्थित मुख्य सचिवालय में अपनी आखिरी कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करेंगे और इसी दिन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देंगे. सूत्रों का कहना है कि सचिवालय में होने वाली इस अंतिम कैबिनेट बैठक में कुछ महत्वपूर्ण औपचारिक फैसले लिए जा सकते हैं. इस्तीफे से पहले महापुरुषों को सम्मान देने की ये उनकी पुरानी परंपरा रही है, जिसे वे इस बार भी दोहराएंगे. बताया जा रहा है कि कैबिनेट की आखिरी बैठक खत्म होने के तुरंत बाद नीतीश कुमार राज्यपाल से मुलाकात कर अपना इस्तीफा सौंप देंगे. इसके बाद एनडीए विधायक दल की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें नए मुख्यमंत्री के चेहरे यानी विधानमंडल दल के नेता का चयन होगा. नए नेता का चुनाव होने के बाद एनडीए की ओर से विधिवत रूप से राज्यपाल को सूचना दी जाएगी. सूत्रों की मानें तो बिहार को बुधवार 15 अप्रैल को नया मुख्यमंत्री मिल जाएगा.

# अरुणाचल सहित सभी हिस्से भारत का अभिन्न अंग : रणधीर

**नई दिल्ली. भारत ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों के काल्पनिक नाम दिए जाने को निराधार कथानक गढ़ने का प्रयास बताते हुए कहा है कि चीन की इस तरह की कार्रवाई द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं.**

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने चीन द्वारा भारतीय स्थानों को काल्पनिक नाम देने के संबंध में मीडिया प्रश्नों के उत्तर में रविवार को कहा कि अरुणाचल प्रदेश सहित यह सभी हिस्से भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और रहेंगे. जायसवाल ने कहा कि भारत चीनी पक्ष द्वारा भारत के क्षेत्र में आने वाले स्थानों को काल्पनिक नाम देने के किसी भी शरारतपूर्ण प्रयास को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है. भारत का मानना है कि



चीनी पक्ष की ये कार्रवाई भारत-चीन द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और सामान्य बनाने के प्रयासों को कमजोर करती हैं. चीन को ऐसे कदमों से बचना चाहिए जो संबंधों में नकारात्मकता पैदा करते हैं और बेहतर समझ विकसित करने के प्रयासों को नुकसान पहुंचाते हैं. प्रवक्ता ने कहा कि चीन द्वारा झूठे दावे प्रस्तुत करने और निराधार कथानक गढ़ने के ऐसे प्रयास उस निर्विवाद वास्तविकता को बदल नहीं सकते कि ये स्थान और क्षेत्र, जिनमें अरुणाचल प्रदेश भी शामिल है.

# महिला आरक्षण पर चर्चा से पहले भाजपा ने जारी किया व्हिप

- सभी सांसद 16 से 18 अप्रैल तक संसद में रहें
- प्रधानमंत्री ने सभी दलों को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली, 12 अप्रैल. भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में अपने सभी सांसदों के लिए तीन-लाइन का व्हिप जारी किया है.**

बीजेपी ने 16 से 18 अप्रैल तक होने वाले संसद के विशेष सत्र के दौरान सभी सांसदों को सदन में मौजूद रहने का निर्देश दिया है. पार्टी के निर्देश के अनुसार सभी सांसदों, जिनमें केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं, सभी को तीन दिनों की इस बैठक के दौरान सदन में लगातार उपस्थित रहने का निर्देश दिया है. व्हिप में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि उपस्थिति अनिवार्य है और इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार की छुट्टी (अवकाश) स्वीकृत नहीं की जाएगी.

इससे पहले रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा और राज्यसभा के सभी दलों के फ्लोर लीडर्स को पत्र लिखकर 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' पर समर्थन मांगा. पीएम ने लिखा कि अब समय आ गया है कि इस कानून को पूरे देश में सही मायनों में लागू किया जाए. उन्होंने लिखा कि 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिलाओं के लिए आरक्षण के साथ कराए जाने चाहिए. महिलाओं को राजनीति में ज्यादा प्रतिनिधित्व देने की इच्छा सभी पार्टियों ने लंबे समय से जताई है, अब इसे हकीकत में बदलने का समय है.



### पीएम के पत्र की 5 बातें...

- हम सार्वजनिक जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देख रहे हैं.
- 2023 में संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम के लिए सभी दल साथ आए थे.
- संवैधानिक जानकारों और राजनीतिक दलों से बातचीत के बाद फैसला लिया गया.
- 2029 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ संपन्न होंगे.
- यह अधिनियम देश की महिलाओं के प्रति एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है.

### खड़गे बोले- सर्वदलीय बैठक हो

वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पत्र के जवाब में पत्र लिखकर कहा कि राज्य चुनावों के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाना यह दिखाता है कि सरकार इस कानून को राजनीतिक लाभ के लिए जल्दबाजी में लागू करना चाहती है. खड़गे ने यह भी मांग की कि इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए और परिसीमन से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की जाए. इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा की सीटें मौजूदा 543 से बढ़ाकर 816 की जाएंगी, जिनमें 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी.

सिलीगुड़ी रैली में गरजे पीएम मोदी | केंद्र सरकार ने जो पैसा भेजा, वो भी ये सिंडिकेट वाले ही हजम कर गए

# पश्चिम बंगाल को 15 सालों में टीएमसी ने किया बर्बाद

**सिलीगुड़ी, 12 अप्रैल. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी में विशाल विजय संकल्प सभा को संबोधित किया. यहां उन्होंने टीएमसी सरकार पर जमकर हमला बोला. इसी के साथ प्रधानमंत्री ने लगातार दूसरे दिन पश्चिम बंगाल में चुनावी अभियान को आगे बढ़ाया.**

जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल की जनता को पहले धन्यवाद दिया. उन्होंने कहा कि मैं कभी भी देशवासियों और बंगालवासियों के इस प्यार को भूल नहीं सकता. पीएम मोदी ने टीएमसी सरकार की एक-एक कमियां गिनाईं. उन्होंने कहा, मुझे पक्का विश्वास है कि आज का ये दृश्य टीएमसी की नींद उड़ाने वाला है. सिलीगुड़ी की ये रैली टीएमसी के महाजंगलराज की दीवार गिराने वाली है, ये आपने तय कर लिया है. टीएमसी की सरकार अपने 15 साल पूरे कर चुकी है. मैं यहां काफी नौजवानों को देख रहा हूं. इनमें से अधिकांश साथी 15 साल पहले शायद पहली कक्षा में पढ़ते होंगे और इस चुनाव में आप बंगाल का भविष्य तय करने जा रहे हैं, आप वोट करने जा रहे हैं. ये किसी के भी काम और करतूतों के मूल्यांकन का बहुत बड़ा समय होता है लेकिन टीएमसी ने काम नहीं किया, सिर्फ और सिर्फ काले कारनामे ही किए हैं.

उन्होंने कहा कि सिलीगुड़ी नार्थ बंगाल का गेटवे है, लेकिन टीएमसी ने नार्थ बंगाल के इंफ्रास्ट्रक्चर को जान-बूझकर पीछे रखा. कनेक्टिविटी, इंडस्ट्री, टूरिज्म, हर सेक्टर में उपेक्षा ही मिली. केंद्र सरकार ने जो पैसा भेजा, वो भी ये सिंडिकेट वाले ही हजम कर गए. नार्थ बंगाल से भेदभाव का उदाहरण टीएमसी की निर्मम सरकार का बजट भी है. केंद्र सरकार द्वारा मदरसों के लिए करीब 6 हज़ार करोड़ का बजट दिया गया है, लेकिन इतने बड़े उत्तर बंगाल के विकास के लिए बंगाल सरकार पर्याप्त बजट नहीं देती. टीएमसी सिर्फ अपने खास वोट बैंक के तुष्टिकरण में ही लगी हुई है.

### 4 मई के बाद बनेगी बीजेपी सरकार



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब उत्तर बंगाल के अनेक जिलों में भारी बारिश से तबाही फैली, हर तरफ हाहाकार था, तब टीएमसी की निर्मम सरकार कोलकाता में जश्न मना रही थी. टीएमसी उत्तर बंगाल, आदिवासी, चाय बागान और महिला व युवा विरोधी पार्टी है. बंगाल की जनता टीएमसी सरकार से पल-पल का, पाई-पाई का हिसाब मांग रही है. टीएमसी वालों कान खोलकर सुन लो 4 मई के बाद बीजेपी सरकार बनेगी और टीएमसी वालों को 15 साल का पल-पल का, पाई-पाई का हिसाब देना पड़ेगा.